## खबर संक्षेप

### वोट डालने पहुंचा 12 साल से फरार वारंटी धराया

**पांढुर्ना।** लडाई झगडे के मामले में 12 साल से फरार चल आरोपी राजू उर्फ रमेश पिता भईया लाला कुमरे निवासी कामठी खुर्द को कल पांढुर्ना पुलिस गिरफ्तार करने में सफल हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी वर्तमान मे नागपुर में निवास कर रहा था जो चुनाव में वोटिंग करने अपने गांव आया था। 12 साल से फरार चल रहे इस आरोपी पर 10,000 रु का इनाम घोषित है।कल रात में टी आई अजय मरकाम, पुष्पेन्द्र राजपूत, अशोक हरसुल्ले तथा दीपक अडानी ने आरोपी को संयुक्त रुप से गिरफ्तार किया है।

### देवेंद्र केदार बने जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष

**सौंसर।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के युवा सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर पांढुर्णा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश झलके द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष के पद पर देवेंद्र केदार को नियुक्त किया गया है इसके पूर्व श्री केदार ने संगठन में कई पदों पर रहते हुए सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभाई है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से जुड़े श्री केदार सांसद प्रतिनिधि, जिला कांग्रेस महामंत्री के साथ ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर रहकर कांग्रेस संगठन की सेवा करते आ रहे हैं। वार्ड क्रमांक 15 का बूथ चुनाव में कभी हारते नहीं है। श्री देवेंद्र केदार क्षेत्र के सामाजिक ,सांस्कृतिक ,धार्मिक आयोजनों में भी इनका सहयोग करते है। चर्चा के दौरान श्री केदार ने बताया कि मुझ पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ छिंदवाड़ा सांसद नकुल नाथ कांग्रेस संगठन ने जो मुझे जिम्मेदारी सोपी है। उसके लिए मैं उनका आभारी हूं। इसके पूर्व मिली जिम्मेदारियां पर मैंने पूरी ईमानदारी वह निष्ठा से कार्य किया है। आगे भी संगठन को मजबूत बनाने संगठन में युवाओं को जोड़ने के लिए कार्य करूंगा। संगठन को मजबूती प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। में कांग्रेस नेता विश्वनाथ ओकटे, सुरेश झलके, विधायक विजय चौरे,भागवत महाजन, विजय चौधरी, अशोक चौधरी,अतुल जूननकर,पप्पू यादव आभारी हूं।



## पुलिस मौके पर पहुंची, गंभीर हालत में युवक को किया नागपुर रेफर

# लव ट्राइंगल : युवती के घर पहुंचकर दो युवकों ने किया विवाद, एक का गला रेता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

कहते है प्रेम में आदमी अंधा हो जाता है और कुछ भी कर गुजरने को नहीं डरता। उसकी बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है। जब आदमी प्रेम में अंधा होता है तब उसे रिश्ते, नाते, दोस्ती सब बेजान और शून्य जान पड़ते है। दोस्ती जैसे रिश्ते को तार तार करता एक मामला छिंदवाड़ा में भी प्रकाश में आया है जहां राजपाल चौक में एक लव ट्रायंगल में बड़ा अपराध सामने आया है। राजपाल चौक में किराए से रहने वाली एक युवती के फेर में दो दोस्त आपस में दुश्मन बन गए और आपस में विवाद होने पर एक ने दूसरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल युवक की गले की नस 35% क्षतिग्रस्त होने के कारण युवक को जिला अस्पताल से नागपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपाल चौक चौक में किराए से रहने वाली एक युवती के दो पुरुष मित्र थे। दोनों ही शनिवार को एक साथ युवती से मिलने उसके घर पहुंचे जहां दोनों के बीच आपस में विवाद हुआ। विवाद में सौरभ नामक युवक ने विजय मालवीय पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोपी सौरभ ने विजय की गर्दन पर वार किया है जिससे विजय मालवी के गले की नस कट गई है। घायल विजय को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उसे तुरंत नागपुर रेफर किया गया है घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस से प्राप्त आरंभिक जानकारी के अनुसार दोनों युवक उस युवती के फेर में आपस में दुश्मनी रखने लगे थे। आपस में गहरे मित्र सौरभ और विजय प्रेम में अंधे होकर दोनों आपस में एक दूसरे के दुश्मन बन गए । पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण और बम्पर मतदान के लिए माना आभार

## भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने छापाखाना में सह परिवार किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी श्री बंटी विवेक साहू ने शुक्रवार की सुबह अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शालिनी साहू एवं परिवारजनों के साथ जिला मुख्यालय स्थित छापाखाना बूथ क्रमांक- 284 में मतदान किया। इस दौरान श्री साहू ने कहा कि इस बार छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के मतदाता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भरपूर प्यार और आशीर्वाद रूपी विजयी कमल भेंट करेंगे। जिससे 'विकसित भारत' संकल्प में 'विकसित छिंदवाड़ा' का स्थान सुनिश्चित हो जाएगा।

शुक्रवार को छिंदवाड़ा लोकसभा सीट समेत मध्यप्रदेश की 6 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुए। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा-पांढुर्ना ज़िले के 16 लाख से अधिक मतदाताओं से लोकतंत्र के चुनावी महाकुंभ में अपनी सहभागिता प्रदान कर 'विकसित भारत' के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री मोदीजी के हाथों को मजबूती प्रदान करने का आग्रह किया। भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने कहा इस चुनाव में छिंदवाड़ा की जनता से अपार स्नेह व सहयोग मुझे मिला। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं, जिन्होंने अपना कीमती समय देकर समर्पित भाव से चुनाव प्रचार में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से मेरा सहयोग किया।

## पुलिस बल की बस पलटी से 21 पुलिसकर्मी हुए घायल

**छिंदवाड़ा।** बैतूल नीमपानी ढाबे के पास छिंदवाड़ा चुनाव ड्यूटी कर राजगढ़ वापस लौट रही पुलिस बल की बस पल्टी 21 पुलिसकर्मी घायलबैतूल आज सुबह कल के 4:15 के लगभग नेम पानी ढाबे के पास छिंदवाड़ा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कर पुलिस बाल राजगढ़ की बस बैतूल होते हुए राजगढ़ जा रही थी कि नीम पानी ढाबे के पास अचानक एक ट्रक की टक्कर हो जाने से पलट गई जिसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं जिनमें से 12 पुलिस कर्मियों को शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 9 पुलिसकर्मियों को बैतूल जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है जानकारी मिलते ही बैतूल पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं वही बैतूल जिला चिकित्सालय में घायलों का उपचार करवाने हेतु बैतूल कोतवाली थाना प्रभारी गंज थाना प्रभारी एसडीओपी सहित पुलिस अधिकारी जिला चिकित्सालय पहुंच गए सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है।



## नपाध्यक्ष ने चोटिल गाय को नाले से निकलवाकर कराया उचित उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



भारत कृषि प्रधान देश है और यहां गाय को माता का दर्जा प्राप्त है गौ सेवा और गौ रक्षा के लिए लगातार हर भारतवासी सजगता से तैयार खड़ा रहता है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण भी जुन्नारदेव नगर में शनिवार सुबह देखने को मिला। शुक्रवार रात्रि में आवारा कुत्तों द्वारा एक गौ माता को बुरी तरह घायल कर दिया गया था घायल गाय सूखे बंधा नाले मैं गिर गई थी जिसकी सूचना स्थानीय नागरिकों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष को दी गई जिसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे द्वारा बिना देरी किए तत्काल ही नगर पालिका कर्मचारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर गाय को नाले से निकाला और उचित उपचार कराया गया। नगर पालिका अध्यक्ष की इस मुहिम की सभी ने जमकर सराहाना की। वर्तमान में नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचल के पशुपालक अपने पशुओं को आवारा खुले में छोड़ रहे हैं जिनसे लगातार अनचाही दुर्घटना घटित हो रही है बीते दिनों भी आवारा मवेशियों के गाड़ियों के नीचे दबकर मौत की अनेकों खबरें आ रही है जिनका मुख्य कारण इनके पालक ही है यदि पशुपालक पशुओं को आवारा सड़कों पर घूमने ना छोड़े तो यह सभी दुर्घटनाएं रुक सकेगी। नगर पालिका प्रशासन को ऐसे पशुपालकों पर कार्यवाही करने की आवश्यकता है जो अपने पालतू मवेशियों को मुख्य सड़कों पर विचरण करने के लिए छोड़ते हैं।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने माना समस्त मतदाताओं का हृदय से आभार



**छिन्दवाड़ाः** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ ने संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा के समस्त मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है। नेताद्वय ने कहा कि सम्पूर्ण सच्चाई का साथ देते हुये मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। समस्त मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर जिले के जारी विकास को गति देने व पुनः इतिहास दोहराने का कार्य किया है। इसके लिये समस्त मतदाताओं को हृदय की गहराइयों से हार्दिक बधाई। आज सम्पन्न हुये लोकसभा चुनाव के मतदान में अपना अमूल्य सहयोग देने वाले मतदाताओं को धन्यवाद देते हुये श्री नकुल-कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने समस्त मतदान केन्द्रों पर सम्पूर्ण अनुशासन के साथ बिना किसी डर व दबाव के निर्धारित क्षेत्र में रहते हुये मतदाताओं का सहयोग किया।

## 28 अप्रैल को पारेघाट में बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण



**सौंसर।** भारतीय बौद्ध महासभा एवं पारेघाट ग्रामवासीयो की ओर से महामानवडॉ.बाबासाहेब आम्बेडकर पूर्णाकृती प्रतिमा अनावरण समारोह एवं धम्म सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रविवार 28 अप्रैल को सुबह 11 से ग्राम पारेघाट में किया जा रहा है।उक्त डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर प्रतिमा निर्माण ओर धम्म सम्मलेन ग्रामवासियों के द्वारा दिये गये संहयोग से संपन्न हो रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर द्वारा भारत को बौद्धमय बनाने के सपने को साकार करने का है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषिनाथजी नागदवने करेगे,प्रतिमा अनावरण समारोह भिक्कु संघ नागपूर इनके हस्ते होंगा। आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में मार्शल डॉ. एन. व्ही. ढोके,ओजस्वी वक्ता उषाताई बौद्ध,धम्मपाल देशभ्रतार,आयु. व्ही. एस. शेन्डे, संभागीय प्रभारी भा. बौ. महा. जबलपूर चंद्रभान बागड़े, जिला अध्यक्ष डॉ. अशोक भगत,डॉ. वाय. एल. ठवरे मुरलीधर कांबले,तहसील अध्यक्ष भाबोम लक्ष्मीदास बोरकर,जप सदस्य छायाबाई अनिल शिंदे,सरपंच संगीताताई उईके,मंदा दिगांबर बागडे सुनिता आनंद ढुफारे,चंद्रप्रकाश रंगारे,प्रेमराज गजभिये,दिलीप बागडे,लेखराज डोंगरे, पारडसिंगा) आयु. राजेश बागडे रहेंगे, कार्यक्रम की प्रस्तावना उपसरपंच उमाजी शेन्डे,संचालन मुकेश बागडे करेगे, आयोजन के दौरान बुद्ध भीमगीत मंडल, सातनुर, धम्मकसोटी भीमगीत मंडल, की ओर से बहुजन समाज में जन्मे हुए महापुरुषों की विचारधारा पर गीतों की प्रस्तुति की जाएगी। आयोजन की सफलता को लेकर कमेटी की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार जोर-शोर से किया जा रहा है।

## उपजेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह विधिक सहायता शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उपजेल अमरवाड़ा में म.प्र. उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर के अध्यक्ष एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा तथा प्रेमपालसिंह ठाकुर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा के मागदर्शन में श्रीमान राकेश कुमार सोनी जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति अमरवाड़ा, मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञो की टीम, सहायक अधीक्षक उपजेल अमरवाड़ा की उपस्थिति में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सह विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमान राकेश कुमार सोनी द्वारा बंदियो को विभिन्न विधिक जानकारिया प्रदान की गई एवं जेल का निरीक्षण किया गया। मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञो की टीम द्वारा उपजेल अमरवाड़ा में निरूद्ध बंदियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर पैनल अधिवक्ता शराफत हुसैन रिजवी पैरालीगल वालंटियर अंशुल जैन, विस्तू भलावी, अमर गिर मौजूद रहे।

## जामसांवली मंदिर में हनुमान जयंती पर आएंगे लाखों भक्त

### ट्रस्ट कमेटी के पंजीयक और एसडीएम द्वारा जोरों से की जा रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



हनुमान जयंती को लेकर चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली मंदिर कमेटी की ओर से तैयारीया शुरू कर दिए है। हनुमान जयंती पर जामसावली मंदिर में देश के कोने-कोने से लाखों भक्त उपस्थित होकर बजरंगबली की पूजा अर्चना आराधना करते हैं। चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली से जारी हुई प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान जामसावंली में दो दिवसीय हनुमान जयंती का धूमधाम के साथ में आयोजन किया जाएगा।

22 ओर 23 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रम संपन्न होंगे। चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष धीरज चौधरी ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर श्री हनुमानजी का महारूद्राभिषेक समय मध्य रात्रि 2 बजे सम्पन्न होगा, तथा दिनांक 22 से 23 अप्रैल महाप्रसाद भंडारा सुबह 6 बजे से प्रारंभ होगा। 22 अप्रैल को ह.भ. प. श्री अनिल महाराज कुरेकार आळंदीकर के शुभ हस्ते दहीलाही का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। 22 अप्रेल को लाखो दर्शनार्थी अनुमानतः भगवान श्री हनुमानजी महाराज के दर्शन हेतु आयेंगे। ट्रस्ट कमेटी द्वारा मेले की पूरी तैयारी कर ली गई हैं,आयोजन की सफलता के लिए सौंसर तहसील शासकीय अधिकारी कर्मचारियोंका सहयोग मिल रहा है। ट्रस्ट कमेटी की पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के मार्गदर्शन में तैयारीया जोर शोर से की जा रही है।

## YHAI एमपी स्टेट शाखा का स्वर्ण जयंती उत्सव

### छिंदवाड़ा जिले के मुख्यालय में YHAI जल चेतना बाइक राइडर्स अभियान दल का भव्य आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सतपुड़ा की वादियों में बसे छिंदवाड़ा जिले के मुख्यालय में YHAI जल चेतना बाइक राइडर्स अभियान दल का भव्य आगमन हुआ। कुलबहरा नदी तट पर किया गया जल संरक्षण का चिंतन,जल चेतना पर नेशनल चेयरमैन ने युवा संवाद कार्यक्रम में दिया युवाओं को प्रेरक उद्बोधन,Yhai सतपुड़ा इकाई छिंदवाड़ा के द्वारा जल चेतना पर आधारित विद्यालय स्तरीय चित्रकला निबंध लेखन कविता लेखन स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं के विजेता विधार्थीगण को नेशनल चेयरमैन मनोज जोहरी के हस्ते हुए सम्मानित किया गया।

नेशनल चेयरमैन मनोज जोहरी ने yhai सतपुड़ा इकाई छिंदवाड़ा की महिला विंग में भरा नया जोशसतपुड़ा इकाई छिंदवाड़ा के युवा वेदान्त धीमन प्रदेश स्तर पर जल चेतन बाइक अभियान दल के सहभागी बने, सतपुड़ा इकाई छिंदवाड़ा के युवा राजेश हरिंदवार एवं प्रकाश सोनी एक दिवसीय बाइक अभियान दल के हिस्सा बने | Yhai सतपुड़ा इकाई छिंदवाड़ा चेयरमेन प्रदीप वाल्मीकि के अनुरोध पर सिवनी जिले में yhai की नवीन इकाई प्रारंभ किए जाने के मुद्दे पर नेशनल चेयरमैन मनोज जोहरी जी ने रखा सकारात्मक रुख, युवाओं के साहसिक अभियान में भागीदारी, पर्यटन गतिविधि में बढ़ावे के उद्देश्य से yhai मोगलीलेंड यूनिट सिवनी के नाम से शीघ्र ही आरंभ होगी नवीन इकाई Newsयुवाओं के साहसिक अभियानों की संस्था YHAI सतपुड़ा यूनिट जिला छिन्दवाड़ा के सह सचिव मोहित सूर्यवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय यूथ हॉस्टल्स फेडरेशन से संबद्ध यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मध्यप्रदेश राज्य शाखा भोपाल की स्थापना के स्वर्ण जयंती अवसर (१९७४-२०२४) गोल्डन जुबली उत्सव के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में युवा साहसिक,रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े अनेक कार्यक्रम किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में yhai मध्यप्रदेश राज्य शाखा भोपाल द्वारा नेशनल चेयरमैन मनोज जोहरी जी के नेतृत्व में प्राकृतिक जल स्त्रोत संरक्षण के उद्देश्य से जल चेतना बाइक अभियान का कार्यक्रम दिनांक १७ अप्रेल से २५ अप्रैल २०२४ की अवधि में आयोजित किया गया। प्रथम दिवस जल चेतना बाइक राइडर्स अभियान दल के ९ सदस्यीय दल का आगमन भोपाल,मंडीदीप से होते बैतूल से होता हुआ।

१७ अप्रैल २०२४ को छिंदवाड़ा पहुंचा, सतपुड़ा की वादियों में बसे छिंदवाड़ा आगमन पर yhai सतपुड़ा इकाई छिंदवाड़ा के पदाधिकारी मंडल पूर्व अध्यक्ष सुरेशचंद्र सालोडकर, अध्यक्ष मनोज सोनी, चैयरमैन प्रदीप वाल्मीकि,उपाध्यक्ष अरविंद भट्ट,डॉ गौरव अरोरा, कोषाध्यक्ष डॉ चंद्रकांत विश्वकर्मा, भूतपूर्व चेयरमैन विनोद तिवारी,भूतपूर्व कोषाध्यक्ष किशोर मंगरूलकर,सचिव हिमांशु जैसवाल, सह सचिव मोहित सूर्यवंशी आदि मौजूद थे।

### उपचार के लिए आ रहे मरीज एवं उनके परिजन पीने के पानी को हुए मोहताज

## स्वास्थ्य केंद्र में निर्माणाधीन भवन की निर्माण सामग्री से हैंडपंप पर पहुंचना हुआ दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हो रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य नियम विरुद्ध स्वीकृत हुआ है जिसका उदाहरण है! इस निर्माण को शुरू करने के पहले ना तो ग्राम पंचायत से एनओसी ली गई है, 1 ना ही निर्माण कार्य स्थल का खसरा नक्शा नहीं लगाया गया 1 पुराने भवन को विना अनुमति के ऊसे तोड़कर उसका मलवा आनन फानन में ठेकेदार ने वेच कर लाखों की अवैध नगद कमाई कर ली 1 आचार संहिता में अनावश्यक रूप से हो रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण से प्रसूता, गर्भवती महिलाओं को निर्माण सामग्री फैली होने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है1 इस परेशानी से अस्पताल प्रबंधन को कोई लेना-देना नहीं वे ठेकेदार के पक्ष में ही खड़े आ रहे हैं 1इससे भी गंभीर बात है कि ईसी परिसर में एक हैंडपंप जो अस्पताल में आने वाले मरीजों की प्यास बुझाता है1 लेकिन ठेकेदार की हठ धर्मिता के कारण इस हेड पंप के आजू-बाजू भी निर्माण सामग्री के ढेर लगा दिए हैं1 जिससे इस हैंड पंप पर मरीजों एवं उनके परिजनों को पानी लेने में कितनी परेशानी होगी इसे समझा जा सकता है1 लेकिन समझ में नहीं आता तो स्वास्थ्य विभाग को जो ठेकेदार के ही हित में खड़े होने के कारण ईस गलती का खामियां जा प्रसूता महिलाओं के साथ-साथ मरीज एवं उनके परीजन भरपूर पानी देने वाले हैंडपं पर वा मुश्किल पहुंच पा रहे है1 स्वास्थ्य केंद्र परिसर तामिया में बनने वाला अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य मरीजो के लिए मुसीबत का सबब बन गया है छोटी सी समस्या का समाधान कराने में ना तो विभाग ध्यान दे रहा हैं.ना ही निर्माण कार्य शुरू करने वाला ठेकेदार एवं जो भी विभाग है1 वह भी ध्यान नहीं दे रहा है. इसी के चलते स्वास्थ्य केंद्र परिसर अब मुसीबत का सबक बन गया।

### परासिया विधायक सोहन बाल्मीक के साथ परासिया कांग्रेस ने कार्यवाही करने हेतु सौंपा ज्ञापन

# विधायक और एसडीओपी के बीच हुई तीखी नोंकझोंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



शुक्रवार को मतदान के दिन कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ हुई मारपीट और पैसे छीन ने को लेकर परासिया कांग्रेस ने विधायक सोहन वाल्मीकि के साथ शनिवार को एसडीओ पुलिस को ज्ञापन सौंपा ।

इस दौरान एसडीओ पुलिस जितेंद्र सिंह जाट और विधायक सोहनलाल वाल्मिक के बीच की नोंक झोंक हुई । विधायक ने पुलिस पर भाजपा के दबाव काम करने के आरोप लगाए ।

बता दें , कि मतदान के दिन नगर कांग्रेस अध्यक्ष और अधिवक्ता विवेक मिश्रा के साथ भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं के द्वारा लूट की गई और उनके एक साथी के साथ मारपीट की गई । इसके अलावा न्यूटन में भी कांग्रेस के पोलिंग एजेन्ट और अधिवक्ता बृजलाल वर्मा के साथ भाजपा के कार्यकर्ता के द्वारा गाली गलौच और मारपीट की गई । विवेक मिश्रा के साथ हुई घटना के वायरल वीडियो में एक व्यक्ति मारपीट करता साफ नजर आ रहा है । कांग्रेसियों का कहना है , कि विवेक मिश्रा के मामले में वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है , कि मारपीट की गई है फिर भी इससे बावजूद पुलिस कार्रवाई करने को तैयार नहीं है । कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या कार्रवाई करने को लेकर थाने में खड़े रहे इस दौरान पुलिस के खिलाफ नारे भी लगाए गए । इसके अलावा क्षेत्र में बढ़ते अवैध कारोबारों पर पुलिस के रवैया को लापरवाह बताया। कुछ कार्यकर्ताओं ने कहा , कि इन दिनों क्षेत्र के आसपास के जंगलों में जुआंरी ही जुआंरी नजर आ रहे हैं ।

जिन पर पुलिस की नजर कतई नहीं पड़ रही है । वहीं विधायक सोहन वाल्मीकि ने कहा, कि जनसाधारण के मामलों में पुलिस जरा सी शिकायत पर तुरंत मामला दर्ज कर लेती है । पुलिस मामला दर्ज करने में लेट लतीफ की कर रही है । जब वकील ही सुरक्षित नहीं तो आम

### लोगों का क्या

परासिया अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्याम साहू ने अधिवक्ता विवेक मिश्रा और बृजलाल वर्मा के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए कहा , कि जब वकीलों के साथ ही मारपीट की जा रही है तो आम आदमी की सुरक्षा कैसे होगी ।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

एसडीओ पुलिस जितेंद्र सिंह जाट कहते हैं कि मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत ले ली गई है । गवाहों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं । जिस पर जांच के बाद न्यायाधीश करवाई की जावेगी ।

## गोपाल काले के साथ सांई मंदिर में राम जनमोत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सच्चिदानंद सेवा समिति, विवेकानंद कालोनी द्वारा चैत्र मास की प्रतिपदा गुढी पावडा से 12 दिवसीय उत्सव चैत्र नवरात्र एवं राम नवमी के पावन पर्व पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ गोपाल काला से उत्सव का समापन किया गया ।



सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि गुढीपावडा से विशेष अभिषेक पूजन आरंभ किया गया। साईनाम जप रामनाम जप ध्वजारोहण तथा प्रतिदिन आरती की गयी ।

रामनवमी पर रामनाम जप तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों साई भक्तों द्वारा इस अवसर पर महाप्रसाद ग्रहण किया गया। साईबाबा की पालकी विवेकानंद कालोनी के विभिन्न मार्गो से होती हुई संत भेट हेतु श्री गजानंन महाराज के मंदिर तक निकाली गयी। बडी संख्या में साई भक्तों ने पूजन अर्चन कर पालकी का स्वागत किया।

महिला रामायण मंडल गुरैया रोड संचार कालोनी द्वारा गो पा ल का ला आयोजित कर 12 दिवसीय राम जन्मोत्सव का समापन किया गया । सच्चिादानंद सेवा समिति के एस. व्ही. पुराणिक, जयंत बक्षी, अवधुत मोहगांवकर, डी. आर. उपासे, शिव माटे, धमेन्द्र भार्गव, वीरेन्द्र तिवारी, नीरज डोले, मनोज बाघमारे, वीरेन्द्र अल्डक, नोखेलाल चौरसिया तथा समस्त पदाधिकारियों ने भक्तजनों के सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया ।

## कविता मुक्त छंद रचित होते हुए भी छंदरहित नहीं होती है : तिवारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आंचलिक साहित्यकार परिषद की छिंदवाड़ा इकाई की कविता की विषयवस्तु पर इंदिरा प्रियदर्शिनी पार्क छिंदवाड़ा में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के निहित उद्देश्य को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य समीक्षक पूर्व आकाशवाणी उद्घोषक अवधेश तिवारी ने कहा कि कविता वंचितों की प्राणवायु, कायनात की संरक्षिका व विचलितों की व्यथा की काव्य गाथा है। यह मुक्त छंद में रचित होते हुए भी छंद से बिल्कुल मुक्त कभी नहीं होती है। मुख्य अतिथि अशोक जैन के अनुसार कविता बदलाव की वह बयार है जो हक से वंचितों के आक्रोश की अभिव्यक्ति है। यह शब्द, लय, शैली, शिल्प व कल्पना को एक साथ जोड़ती है। विशिष्ट अतिथि प्रो. अमर सिंह ने कहा कि काव्य वह बल विचार है जो अमर्यादित आचरण को निर्वस्त्र कर देता है,बिगड़ों को सलीका सिखाने का अमृत कलश है। नाट्यकर्मी विजयानंद दुबे ने कविता को मन की स्लेट पर बहता अक्षर बताया जो सत्यं, शिवम् ,सुंदरम के संदेश को नाटकीय ढंग से बांचती है। वरिष्ठ कवि ओमप्रकाश नयन ने कविता को देह के पार की इंद्रिय अतीत की समझ का बखान बताते हुए काव्यमर्म को निर्बल का ढाढस कहा। परिषद सचिव रामलाल सराठे रश्मि ने कविता को संसार का वह सबसे सुरभित पुष्प कहा जो सृष्टि के रहस्यों का उद्घाटन करता है। नाट्यकार सचिन वर्मा ने कविता को मनोभावों को कलात्मक अंदाज में व्यक्त लोक के दर्द का गीत कहा जो टूटे को हौसला बंधाता है।

## छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान गृहमंत्री जी ने किया इस्ट्रेचिंग और वर्क आउट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर अध्यक्ष नीरज भारद्वाज जी ने अपने बारबेरियन जिम के ट्रेनर जय सिंह के साथ मिलकर गृहमंत्री माननीय श्री अमित शाह जी के छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान 1 घंटे 15 मिनिट के लगभग एकॉर्ड होटल के रूम मैं वर्क आउट कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । अमित शाह जी ने ट्रेड मिल के साथ साथ इस्ट्रेचिंग और वर्क आउट भी किया। नीरज भारद्वाज ने बताया कि माननीय श्री अमित शाह जी हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। देश के गृहमंत्री की जिम्मेदारी और अत्यंत व्यस्त रहने के बाद भी वो अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते है ।

## दो दिवसीय महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का हुआ शुभारंभ, सकल जैन समाज ने निकाली धर्म प्रभावना रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



चैत्र सुदी बारस शनिवार के शुभ दिन महावीर का शुभ संदेश जियो और जीने दो, सत्य अहिंसा प्यारा है यही हमारा नारा है, अहिंसा परमो धर्म की जय, तीर्थंकर महावीर भगवान की मंगलकारी जयघोष से मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा गुंजायमान हो उठी।मंगलमय प्रसंग था 1008 शासन नायक तीर्थंकर महावीर भगवान के दो दिवसीय 2623 वें जन्मकल्याणक महोत्सव का भव्य एवं मंगलमय शुभारंभ का, इस अवसर पर सकल जैन समाज के तत्वावधान में कुंडलपुर नगरी अहिंसा स्थली गोल गंज से हजारों की संख्या में जिनशासन सेवकों ने जिनधर्म प्रभावना वाहन रैली निकली और मंगलगान के साथ जयघोष करते हुए नगर के समस्त जिनालयों सहित चैत्यालयों की वन्दना कर ध्वजारोहण किया।ये रहे सौभाग्यशाली परिवार -महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया की रैली का शुभारंभ रूबल जैन परिवार द्वारा किया गया पश्चात कुंडलपुर नगरी अहिंसा स्थली गोल गंज पर राजू अशोक पाटनी परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया जिनके बाद पार्श्वनाथ जिनालय कांच मंदिर पर अभय कुमार जैन परिवार द्वारा, चंद्रप्रभ जिनालय पर अशोक कुमार ज्ञाता जैन वैभव परिवार द्वारा, पार्श्वनाथ जिनालय मां जी के मंदिर पर प्रमोद कुमार राज पाटनी द्वारा, आदिनाथ जिनालय पाषाण मंदिर पर राजेश कुमार रितेश कुमार जैन परिवार द्वारा, आदिनाथ जिनालय मुमुक्षु मंडल संदीप कुमार संजय जैन परिवार द्वारा, मानस्तंभ पर अंशुल अक्षत गोयल परिवार द्वारा, मुनिसुब्रत जिनालय पर रमेशचंद्र सिंघई परिवार द्वारा, ऋषि मंडल चैत्यालय पर पूनम चंद दीपक राज जैन परिवार द्वारा, आदिनाथ जिनालय दया सागर भवन पर रवि जेठालाल शाह आदि मौजूद थे।

### 22 वर्षीय युवक मृत, 2 घायल

## तेज रफ्तार बाईक आम के पेड़ से टकराई

**गंभीर रुप से घायलों को उचित उपचार के लिए भेजा गया जिला चिकित्सालय बालाघाट**

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



वारासिवनी-बालाघाट मार्ग पर ग्राम बनियाटोला के पास स्थित काली माता मंदिर के सामने एक आम के पेड़ से तेज रफ्तार बाईक के टकरा जाने से उसमें सवार 3 युवक गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस द्वारा तीनों युवकों को शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती कराया गया था। जहॉं पर चिकित्सक ने एक 22 वर्षीय युवक को मृत घोषित कर दिया और 2 युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय बालाघाट भेज दिया गया हैं। घटना दोपहर लगभग 3 बजे की बताई जा रही हैं।

**बालाघाट मार्ग पर काली माता मंदिर के सामने पेड़ से टकराई बाईक:** 108 एम्बुलेंस के ईएमटी गजेन्द्र पन्द्रे ने बताया कि उन्हें भोपाल से दुर्घटना की सूचना मिली थी। जिसके बाद मैं 108 एम्बुलेंस के चालक इसमाईल खान के साथ तत्काल वारासिवनी-बालाघाट मार्ग पर बनियाटोला के पास स्थित काली माता मंदिर पहुॅंचा। जहॉं पर 3 युवक घायल पड़े हुए थे। जिन्हें हमारे द्वारा 108 एम्बुलेंस से तत्काल शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती करवाया गया। चिकित्सक ने युवकों की जॉंच के बाद एक 22 वर्षीय युवक को मृत घोषित कर दिया हैं।

**मृतक कटंगी व घायल बालाघाट निवासी है:** जानकारी अनुसार मृतक युवक हर्ष पिता जयराम रहांगडाले 22 वर्ष कटंगी का रहने वाला था और सरदार पटेल कालेज डोंगरिया में पढ़ रहा था। जिसके लिए वह बालाघाट में किराये से रहता था और बालाघाट से ही सरदार पटेल कालेज डोगरिया आना-जाना करता था। शनिवार को वह कालेज नहीं आया था और अपने 2 साथियों अनुराग पिता धनेन्द्र मेश्राम निवासी वार्ड नं. 33 बालाघाट व सतेन्द्र पिता प्रकाश शुक्ला के साथ बाईक से वारासिवनी आया था। जिसे लोगों ने तहसील कार्यालय वारासिवनी में देखा था।

## जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हुआ सम्पन्न

**बालाघाट।** जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के अध्यक्ष श्री दिनेशचंद्र थपलियाल एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में शनिवार को उपजेल वारासिवनी में बंदियों का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गठित टीम की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जेल में निरूद्ध कुल 142 बंदी थे। जिनमें 20 बंदी एवं 122 हवालाती मौजूद रहे। उनमे से 24 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी आवश्यक जांच की जाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। शिविर के दौरान कुल लॉकअप में बंदियों का क्षय रोग स्क्रीनिंग, एचआईवी परीक्षण, मधुमेह परीक्षण, मलेरिया परीक्षण, एनिमिया परीक्षण, वीडीआरएल परीक्षण, एचबीएसएजी परीक्षण किया गया।

इस विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपरोक्त निरूद्ध बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार दिया गया। शिविर में बंदियों के लिए उनके प्रकरण के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु बंदियों की अलग-अलग बीमारी/समस्याओं के आधार पर बंदियों को चिन्हित किया जाकर उनके परीक्षण किये गए। वहीं जिन्होंने अभी तक विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता हेतु निवेदन किया है, ऐसे बंदियों की प्रकरण क्रमांक, न्यायालय का नाम, धारा एवं पेशी दिनांक अनुसार जानकारी प्रदान की जाकर बंदियों को उनके प्रकरण की यथास्थिति से अवगत कराया गया। विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जांच के दौरान जेल में निरूद्ध किसी भी बंदी का गम्भीर रोग से पीड़ति होना नहीं पाया गया। मात्र 01 रोगी जेल में प्रवेश पूर्व से एचआईवी रोग से ग्रसित होना पाया गया।

### हे भगवान : ढाई लाख की आबादी पर दो दमकल

## तिरोड़ी तहसील क्षेत्र में नहीं एक भी फायर स्टेशन, कटंगी में अप्रशिक्षित कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



गर्मी का मौसम शुरू होते ही आए दिन आगजी की घटनाएं सुनने में आती है. कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम बिरसोला में 19 अप्रैल को आगजनी की एक घटना हुई तो वहीं शनिवार को बड़पानी में अज्ञात कारणों से पशुशाला में आग लग गई. इससे पहले भी अलग-अलग गांवों में आगजनी की घटनाएं सामने आई है और निश्चित तौर पर भविष्य में भी आती ही रहेगी. इस तरह की घटनाओं में पीड़ति को कई बार बहुत अधिक आर्थिक नुकसान हो जाता है. वहीं आगजनी की घटना के बाद पीड़ति परिवार को कई तरह की मानसिक कठिनाईयों से भी गुजरना पड़ता है. अब आगजनी की तमाम घटनाओं से निपटने के इंतजाम की बात करें तो यह हमारे पास बेहद कम है. कटंगी और तिरोड़ी तहसील जिसकी कुल आबादी करीब ढाई लाख के आस-पास है. इसके बावजूद पास में केवल दो फायर ब्रिगेड (दमकल वाहन) मौजूद है. यह दोनों वाहन भी नगर परिषद कटंगी के पास है. नगर परिषद के इन दमकल वाहनों को 15 से 20 किमी. तक के दायरे में होने वाली आगजनी की घटनाओं के बाद दौड़ते हुए देखा जा सकता है. इसमें सबसे दिलचस्प बात है जो आप सभी को जानना चाहिए कि नगर परिषद का फायर ब्रिगेड जहां आग बुझाने जाता है. उस पीड़ति परिवार से शुल्क भी लिया जाता है फिर चाहे आगजनी में सब कुछ ही क्यों ना जल गया हो. आपको यह भी बता दें कि कटंगी और तिरोड़ी तहसील में ना सिर्फ दमकल वाहन की कमी है बल्कि फायर अफसर भी है. नगर परिषद के दमकल वाहन का संचालन अपनी जान जोखिम में डालकर अप्रशिक्षित कर्मचारी करते है।

### 02 तहसील 146 गांव

जनपद पंचायत कटंगी के अंतर्गत कुल 146 गांव शामिल है. यह गांव कटंगी और तिरोड़ी तहसील की 81 ग्राम पंचायतों के अधीन है. कटंगी तहसील क्षेत्र के गांवों की बात करें तो इन गांवों में आगजनी की घटना होने के बाद आमतौर पर फायर ब्रिगेड की सुविधा मिल ही जाती है. मगर, तिरोड़ी तहसील की बात करें तो इस तहसील क्षेत्र के गांवों में खासतौर से पठार अंचल में आगजनी की घटना होने के बाद ग्रामीणों को स्वयं अपनी जान जोखिम में डालकर स्थानीय संसाधन की मदद से आग पर काबू पाना पड़ता है. यह संसाधन बेहद कारगार साबित नहीं हो पाते. जनपद मुख्यालय से पठार अंचल के गांवों की दूरी 35 किमी. से लेकर 50 किमी. की होती है. ऐसे में आगजनी की घटना के बाद कटंगी मुख्यालय से दमकल वाहन पठार अंचल के गांवों में समय पर पहुंच पाए यह नामुमकिन होता है।

### शहर का भी बुरा हाल

गौरतलब हो कि प्रदेश में अब तक फायर सेफ्टी एक्ट लागू नहीं हो सका है. जबकि 2022 में ही मप्र अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा अधिनियम का ड्राफ्ट तैयार हो गया था लेकिन अब तक यह लागू नहीं हो सका है. कटंगी शहर के कुछ हिस्सों की बात करें तो यहां हालात बेहद खराब है. जैसा कि कच्ची लाईन, सब्जी मंडी, गंज चौक, कतरकना रोड़, वार्ड क्रमांक 12 और 13 छतेरा रोड़, वार्ड क्रमांक 04 तुरकर हास्पिटल के पीछे, सरकारी अस्पताल के पीछे, वार्ड क्रमांक 08 और 09 कहारी मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 15 की एक गली सहित और भी कई तमाम गलियां है जहां अगर आगजनी की घटना होती है तो दमकल वाहन का पहुंचना मुश्किल है. ऐसा इसलिए क्योंकि इन गलियों में बेजा अतिक्रमण है. नगर परिषद भी इन गलियों को अतिक्रमण मुक्त कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाती।

### तिरोड़ी में फायर स्टेशन की दरकार

तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के पठार अंचल में आगजनी की तमाम घटनाओं को ध्यान में रखते हुए तिरोड़ी तहसील मुख्यालय में सर्व सुविधायुक्त फायर स्टेशन की दरकार है. पठार अंचल की आगजनी की घटनाओं को देखते ग्राम पंचायत आंजनबिहरी के सरपंच और पठार संघर्ष समिति के संयोजक दीपक पुष्पतोड़े ने तिरोड़ी में फायर स्टेशन बनाने की मांग की है. उन्होंने बताया कि जल्द ही इस मांग को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाया जाएगा. नेशनल फायर एडवाइजरी के तहत दो लाख की आबादी और एक से तीन किमी के क्षेत्र में एक फायर स्टेशन होना चाहिए. मगर, कटंगी और तिरोड़ी तहसील की कुल आबादी करीब ढाई लाख से अधिक होने के बाद भी फायर स्टेशन नहीं है. नगर परिषद के पास दमकल वाहन तो है परंतु यहां पर्याप्त व्यवस्था की कमी है. यही नहीं नगर परिषद अपने से 10 से 15 किमी. के क्षेत्र को कवर कर रही हैं. इससे आग लगने पर राहत और बचाव कार्य शुरु होने में समय अधिक लगता है।

## अब साक्षी अपना और बच्चों का सम्मान से भर सकेगी पेट, दृढ़शक्ति फाउंडेशन ने गृह उद्योग खुलवाकर दिया रोजगार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में सामाजिक सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही दृढ़शक्ति फाउंडेशन ने एक अनूठी पहल करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर और दो बच्चों के पालन की जिम्मेदारी उठा रही महिला को रोजगार से जोड़ा है। दृढ़शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष बरखा नाग गंगवानी ने बताया कि दृढ़शक्ति फाउंडेशन, सामाजिक सेवा के साथ ही जरूरतमंद महिलाओं की मदद के लिए कार्य कर रही है। इसी कड़ी में दृढ़शक्ति फाउंडेशन ने जरूरतमंद साक्षी मनवानी को रोजगार से जोड़ा है। साक्षी मनवानी के बारे में हमें पता चला था कि वह दो बच्चों के लालन-पालन की जिम्मेदारी अकेले ही उठा रही है। जिसके बाद हमने साक्षी मनवानी से संपर्क किया और उसका हाथ थामते हुए लघु उद्योग से जोड़ा है। जिसके लिए गरिमा गृह उद्योग के नाम से उसके लिए रोजगार की व्यवस्था की है। वह अब गृह उद्योग के नाम से आचार, पापड़, चिप्स सहित अन्य सामग्री बनाकर, अब वह स्वाभिमान से अपना और परिवार का जीवनयापन कर सकेगी। महिला साक्षी मनवानी के लिए गृह उद्योग खुलवाने के दौरान दृढ़शक्ति फाउंडेशन अध्यक्ष बरखा नाग गंगवानी, पायल सावलानी, नंदिनी परिहार, भारती गंगवानी, अश्विन तिवारी, नीलू पिपलेवर, घनिष्ठा कोठारी, जानकी वाधवानी सहित अन्य फाउंडेशन की महिलाए उपस्थित थी।

### बंदियों को दी गई प्रकरणों की जानकारी

## वारासिवनी जेल में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट अध्यक्ष श्रीमान दिनेशचंद्र थपलियाल एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव श्रीमान सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशानुसार 20 अप्रैल 2024 शनिवार को उपजेल वारासिवनी में बंदियों का विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट द्वारा गठित टीम द्वारा जेल में बंदी कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

**उपजेल में हैं 142 बंदी:** इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपजेल वारासिवनी में निरूद्ध कुल 142 बंदी, जिनमें 20 बंदी एवं 122 हवालाती मौजूद रहे। उनमें से 24 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी आवश्यक जांच की जाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। शिविर के दौरान कुल लॉकअप में बंदियों का क्षय रोग स्क्रीनिंग, एच.आई.वी. परीक्षण, मधुमेह परीक्षण, मलेरिया परीक्षण, एनिमिया परीक्षण, वीडीआरएल परीक्षण, एचबीएसएजी परीक्षण किया गया।

**बंदियों को अलग-अलग बीमारियों के अनुसार किया गया चिन्हित :** इस विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में निरूद्ध बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार दिया गया। इस विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में बंदियों के लिए उनके प्रकरण के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर में बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु बंदियों की अलग-अलग बीमारी/समस्याओं के आधार पर बंदियों को चिन्हित किया जाकर उनके परीक्षण किये गए।

**जेल में एक रोगी हैं एचआईवी रोग से ग्रसित:** स्वास्थ्य शिविर के दौरान उपस्थित बंदियों को, जिन्होंने अभी तक विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता हेतु निवेदन किया है, ऐसे बंदियों की प्रकरण क्रमांक, न्यायालय का नाम, धारा एवं पेशी दिनांक अनुसार जानकारी प्रदान की जाकर बंदियों को उनके प्रकरण की यथास्थिति से अवगत कराया गया। विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जांच के दौरान जेल में निरूद्ध किसी भी बंदी का गम्भीर रोग से पीड़ित होना नहीं पाया गया। मात्र 01 रोगी जेल में प्रवेश पूर्व से एचआईवी रोग से ग्रसित होना पाया गया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

# चुनाव ड्यूटी से लौट रहे आरक्षक की हुई मौत, कृषि विस्तार अधिकारी घायल



जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 छपारा बाईपास अंतर्गत छपारा कला चौराहा के पास सुबह के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक में सवार प्रधान आरक्षक नारायण निवारे की मौके पर मौत हो गई। वहीं उनके साथ बाइक में सवार सूरज प्रसाद हलवा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची छपारा पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्रक को जब्त कर लिया है। ट्रक चालक को भी हिरासत में ले लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक नारायण निवारे जिले के आदेगांव थाना में तैनात हैं। जिनकी डयूटी कृषि विस्तार अधिकारी के साथ छपारा थाना अंतर्गत मोवारी गांव के पास बनाए गए एसएसटी चेक पॉइंट पर लगाई गई थी। यह चेक पाइंट छपारा थाना अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले की सीमा पर था। जहां से वह सुबह ड्यूटी कर लौट रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के छपारा कला के पास आज सुबह जबलपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गए।घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पुलिस व 108 वाहन में दी। जिसके बाद गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं कृषि विस्तार अधिकारी की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक आरक्षक का पोस्टमॉर्टम छपारा अस्पताल में कराया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में मां की मौत, गोद में बैठी तीन माह की बेटी को नहीं आई खरोंच

जिले के छपारा थाना अंतर्गत गोरखपुर सिंदरई के पास शाम के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां 2 बाइकों की भिड़ंत हो गई, हादसे में बाइक के पीछे बैठी महिला की मौत हो गई। जबकि मां की गोद में बैठी तीन माह की बच्ची को खरोंच तक नहीं आई। हादसे में महिला के पति को हल्की चोंटे आई है। वहीं टक्कर मारकर फरार बाइक सवार की तलाश में पुलिस कर रही है। जानकारी के अनुसार धर्मदास यादव अपनी पत्नी प्रीति यादव व बच्ची को बाइक में लेकर किसी काम से आटामा गांव जा रहे थे। इसी दौरान गोरखपुर सिंदराई गांव के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक में बैठी महिला नीचे गिर गई। बाइक में सवार महिला प्रीति यादव की गोद में मौजूद तीन माह की बेटी को खरोंच तक नहीं आई।

बाइक चला रहे पति धर्मदास यादव को मामूली चोट आई हैं। जिस समय बाइक की टक्कर हुई उस समय प्रीति यादव की तीन माह की बेटी उनके गोद में थी, जिसे संभालते हुए वह सिर के बाल गिर गई। जिसे घायल अवस्था में छपारा अस्पताल लाया गया था।यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद छपारा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी की मौत

बंडोल थाना अंतर्गत राहीवाडा के समीप रात्रि में एक सड़क हादसा हो गया। जहां ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक में सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। और उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रात्रि के समीप पति-पत्नी एक बाइक में जा रहे थे जब वह राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के राहीवाडा के पास पहुंचे तो एक ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे भजन लाल जंघेला और शांतिबाई जंघेला गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्ष दर्शियों ने घटना की जानकारी पुलिस को और 108 वाहन में दी। जिसके बाद दोनों को घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से घायलों को सीधे अस्पताल लाया गया जिसके कारण कोतवाली चौकी में एक्सीडेंट की सूचना दी गई। दोनों मृतकों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



# पेंच टाइगर रिजर्व में बी-2 बाघिन के चार शावकों को देख रोमांचित हुए पर्यटक

पेंच टाइगर रिजर्व के खुर्सापार (महाराष्ट्र) गेट से शुक्रवार की सुबह सफारी पर गए पर्यटक बी-2 नामक बाघिन के साथ उसके चार शावकों को देखकर रोमांचित हो गए। इस पल को पर्यटकों ने अपने कैमरे में कैद कर लिया।अब बी-2 बाघिन का चार शावकों के साथ जंगल में विचरण करने का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। बी-2 बाघिन अपने चार शावकों के साथ पहली बार पर्यटकों को दिखाई दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पेंच के प्रकृतिवादी सतीस ने बताया है कि बी-2 बाघिन के शावक करीब दो-दो माह के हो गए हैं। बी-2 बाघिन अपने चार शावकों के साथ पहली बार दिखाई दी है। कुछ देर पार्क की कच्ची सड़क पर चारों शावकों के साथ खड़ी रहने के बाद बी-2 बाघिन घने जंगल की ओर चली गई। इसके बाद चारों शावक भी बाघिन के पीछे-पीछे जंगल में दौड पड़े। इस दृश्य को करीब से देखकर पर्यटक रोमांचित हो गए। उन्होंने बताया है कि इस समय पेंच के कोर व बफर क्षेत्र के साथ महाराष्ट्र क्षेत्र में भी बाघ व तेंदुआ के दीदार पर्यटकों को हो रहे हैं। गर्मी में पतझड़ और हरी घास कम होने के कारण आसानी से बाघ-तेंदुआ व अन्य वन्यप्राणियों के दीदार होने से पर्यटक प्रफुल्लित हो रहे हैं।तेज गर्मी के कारण इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक जंगल के बीच शुकून के पल बिताने पहुंच रहे हैं।

## शैलजा को मिलेगा उदिता सम्मान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** नगर की बेटी कु. शैलजा पुरोहित, पुत्री एड. प्रदीप पुरोहित को राजधानी भोपाल में उदिता सम्मान से पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया, भोपाल सम्मानित कर रही है। राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस 21 अप्रैल को रवींद्र भवन में शैलजा को पद्मश्री से सम्मानित डॉ. बालेन्दु प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार, प्रमुख पत्रकारिता विभाग लेडी श्रीराम कॉलेज, नई दिल्ली डॉ. वर्तिका नन्दा एवं वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर सम्मानित करेंगे। गौरतलब है कि शैलजा का अध्ययन भोपाल के माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय से हुआ है। वह फिलहाल दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय की सोशल मीडिया टीम में काम कर रही हैं। वह पूर्व में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रपति भवन, दिल्ली पुलिस के सोशल मीडिया एवं मीडिया विंग में कार्य कर चुकी हैं। हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा लोकार्पित 'साइलेंट सेंटिनल्स ऑफ द सी' नामक कॉफी टेबल बुक में सह लेखन का कार्य किया है, इस पुस्तक में देश के 75 लाइटहाउस की कहानियां हैं। शैलजा का चयन उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए हुआ है, जिनमें सिकल सेल के प्रति जागरुकता अभियान में भी उनका योगदान सराहनीय है।

# पुलिस द्वारा भारी मात्रा मे अवैध अंग्रेजी देशी शराब जब्त आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया



पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा के निर्देशन व अशीष भराडे एसडीओपी केवलारी के मार्गदर्शन मे अवैध गतिविधियों मे नियंत्रण कार्यवाही के मद्देनजर चुनाव मे सर्चिंग टीम पुलिस थाना प्रभारी की अगुवाई मे गठित टीम मे चैनसिंह उइके नगर निरीक्षक, सुश्री विक्की धुर्वे उपनिरीक्षक, दीपक पंवार ,शादिक खान प्रधान आरक्षक,विनोद धुर्वे, शरद गोतम,सुधीर ठाकुर, दीपक अमुले,आकाश शरणागत आरक्षक को मुखबिर की सूचना पर ग्राम डोब मे अवैध शराब भंडारन करने व बेचने की खबर पर दाबिश देकर किराना दुकान संचालित करने बाली सुनीता पति परसराम बघेल उम्र 50 बर्ष के यहां रेड मारकर भारी मात्रा मे शराब जप्ती कार्यवाही की गयी। किराना दुकान की तलाशी मे कई कार्टूनो में प्लेन व अंग्रेजी शराब के भरे हुये पाव एवं बीयर मिली जिसके संबंध में सुनीता बघेल से वैध लायसेंस पूछने पर नहीं होना बताया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

अवैध कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय होने से मौके पर 21 कार्टून में प्लेन देशी शराब के 1050 पाव शीलबंद कुल 189 लीटर शराब 2. 03 कार्टून में मेक डावल अंग्रेजी शराब के 144 पाव कुल 25.92 लीटर 3.01 कार्टून में विस्की नम्बर वन के 48 पाव कुल 8.64 लीटर 4. 01 कार्टून में बैग पाईपर अंग्रेजी शराब के 48 पाव कुल 8.64 लीटर 5. किंग फिशर कंपनी की 55 नग बीयर कुल 35.75 लीटर 6. लेमाउण्ट कंपनी की 38 नग बीयर (केन) कुल 19 लीटर, कुल शराब 286.95 लीटर कुल कीमती 120980 रूपये को मुताबिक जप्ती पत्रक के समक्ष गवाहो के समक्ष जप्त कर कब्जा मे लिया है। आरोपिया सुनीता पति परसराम बघेल उम्र 50 बर्ष निवासी डोभ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है। जप्त की गयी - 1. 286.95 लीटर देशी प्लेन व अग्रेजी शराब कुल कीमती 120980 रूपये का आंकलन किया गया है।

# हनुमान जन्म उत्सव को लेकर समिति का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री राम मंदिर शुक्रवारी बाजार गांधी चौक सिवनी पर हनुमान जन्म उत्सव के पावन पर्व पर विशाल भंडारा का आयोजन किया जाना है। इसी की रूपरेखा तैयार करने हेतु।

मंगलवार को शाम 5 बजे एक बैठक आयोजित की गई जिस पर आगामी 23/4/2024 को हनुमान जन्म उत्सव के अवसर पर भंडारा आयोजित करने हेतु एक संचालन समिति का गठन किया गया है जिसमे सर्व सम्मति से निम्न पदाधिकारी मनोनित किए गए है संरक्षण मंडल अशोक आहूजा , ऋषभ प्रमोद शर्मा ,सुरेन्द्र करोसिया , राजा बघेल , शफीक खान ,नानू पंजवानी , सुजीत नाहटा अध्यक्ष मोंटू भूरा जी सचिव - शैलू चंद्रवंशी सह सचिव - श्री मोहित व्यवहार जी सहयोगी सदस्य - रंजीत यादव , मधु क्रिडीया,नितिन मिश्रा, रत्नेश चौकसे,शिव सनोड़यि ,अरविंद तिवारी, रत्नेश यादव , नीरज जैन, राजेन्द्र मरकाम,सोनू नामदेव, छुटका चौरसिया,राजू यादव,पिंटू चौरसिया, गोलू यादव,अखिलेश यादव,जय श्रीवास्तव, प्रवेश बाबू भालोटिया ,प्रणम चौरसिया,मोहित गुप्ता अंकित साहू, अक्षय प्रजापति, ओम उपाध्याय, ऋषभ ठाकुर,संजय नामदेव,सागर मरकाम, मनू गौर, राकेश सोनी , दीपक पटवा, मुकेश नामदेव, मनोज प्रजापति,लल्ला प्रजापति,सोनू सतनामी, आशु कौशल, रीतेश जैन, विष्णु शर्मा, अंचल चौरसिया , नीरज मामू।

### आबकारी विभाग द्वारा गश्त और छापामार कार्यवाही की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर सिवनी द्वारा दिनाँक 17/04/2024 की शाम 06:00 बजे से मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित करते हुए जिले के आबकारी महकमे को अवैध शराब पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाए जाने के निर्देश दिए हैं । कलेक्टर के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त सिवनी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा गश्त और छापामार कार्यवाही की गई है । इस क्रम में आबकारी विभाग द्वारा ग्राम आष्टा थाना बरघाट में संदीप पंचेश्वर आत्मज अमरलाल उम्र 24 वर्ष , ग्राम अतरी में कृष्णा बाई ठाकरे पत्नी हीरालाल उम्र 45 वर्ष एवं ग्राम भोमा थाना कान्हीवाड़ा में वृंदावन ढाबे में महेश इनवाती आत्मज संतलाल उम्र 22 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम , 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण कायम किये गए हैं । कार्यवाही में आबकारी विभाग द्वारा 70 पाव देशी प्लेन शराब , 18 पाव मैकडोवेल रम , 15 पाव ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की , 8 बोतल हैवर्डस बीयर , 16 बोतल बोल्ट बियर एवं 6 बोतल लेमाउंट बियर जप्त की गई है ।

# 10वीं और 12वीं के रिजल्ट को लेकर आई अपडेट,कभी भी हो सकते है रिजल्ट घोषित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा खत्म होने के बाद कॉपियों की जांच भी लगभग पूरी हो गई है। मध्यप्रदेश बोर्ड अब कभी भी रिजल्ट घोषित कर सकता है। रिजल्ट कब आएगा इसे लेकर छात्र और अभिभावक सक्रिय हो गए हैं। हर कोई जानना चाहता है कि मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट कब आएगा।

मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा का मार्च माह में खत्म हो गई है। अब इसके रिजल्ट का इंतजार किया जा रहा है। छात्र अपना रिजल्ट एमपी बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसमें रोल नंबर और एप्लीकेशन नंबर दर्ज करेंगे तो कंप्यूटर स्क्रीन पर आपके मार्क्स दिख जाएंगे। रिजल्ट के साथ ही मध्यप्रदेश के टॉपर्स की लिस्ट भी जारी कर दी जाएगी। हालांकि रिजल्ट कब आएगा, इसकी आधिकारिक जानकारी फिलहाल बोर्ड ने जारी नहीं की है।

यह है आधिकारिक वेबसाइट

**https://mpresults.nic.in/**
**https://mpbse.nic.in/**

मध्यप्रदेश बोर्ड की 10वीं की परीक्षा 5 फरवरी से 28 फरवरी के बीच हुई थी, जबकि 12वीं की परीक्षा 6 फरवरी से 5 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। दोनों ही परीक्षाओं को मिलाकर कुल 16 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। देशभर में हुई कई राज्यों की बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट का सिलसिला शुरू हो गया है। हाल ही में बिहार ने सबसे पहले रिजल्ट जारी कर दिया। इसके बाद अब माध्यमिक शिक्षा मंडल का रिजल्ट जारी होने वाला है। सूत्रों के मुताबिक एमपीबीएसई का रिजल्ट 15 से 20 अप्रैल के बीच घोषित हो सकता है। रिजल्ट जारी करने में लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीखों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। क्योंकि मध्यप्रदेश में चार चरणों में लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं। तीन चरण अप्रैल माह में होंगे, जबकि अंतिम चरण 7 मई को होगा।

ऐसे देखें एमपी बोर्ड का रिजल्ट

0-सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट **mpbse.nic.in** पर जाएं।
0-अब होमपेज पर एमपी बोर्ड रिजल्ट के लिंक पर क्लिक करें।
0-नए पेज पर अपना रोल नंबर दर्ज कर सब्मिट का बटन दबाएं।
0-रिजल्ट आपकी स्क्रीन पर आ जाएगा, इसका प्रिंट निकाल लें।
0-स्टूडेंट्स को मार्कशीट कुछ दिन बाद स्कूल से मिलेगी।

## 22 अप्रेल पृथ्वी दिवस पर विशेष

# पृथ्वी पर पीने के पानी का संकट और उसका निवारण

**पृथ्वी पर हवा, मिट्टी और पानी सभी आपस में जुडे हैं। यह अंतर्संबंध पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने के लिए आवश्यक है। पृथ्वी की सतह से पानी वाष्पित हो जाता है और फिर वर्षा के रूप में वापस जमीन पर गिरता है।**

यह चक्र पृथ्वी के तापमान कोर्ट नियंत्रित करने में मदद करता है। पृथ्वी पर 97 प्रतिशत भाग पानी है जिसमें से केवल 2.5 प्रतिशत से लेकर 2.75 प्रतिशत पानी पीने योग्य है।

भारत पहली बार 2011 में पानी की कमी वाले देशों की सूची में शामिल हुआ था। यूनिसेफ द्वारा 18 मार्च 2021 की जारी रपट के अनुसार भारत में 9.14 बच्चे गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। अनुमान है कि 2030 तक देश की लगभग 40 फीसदी आबादी के सामने पानी का संकट होगा। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (डबल्यू आर आई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार यदि जल प्रबंधन से जुड़ी नितियों में सुधार नहीं किया गया तो इसके चलते आने वाले 27 वर्षों में भारत, चीन और मध्य एशिया को उसके जीडीपी के 7 से 12 प्रतिशत के बराबर का नुकसान हो सकता है।देश का 70 फिसदी भूजल स्रोत सुख चुके हैं और पुनर्भरण की दर 10 फिसदी से भी कम रह गई है। चेन्नई, बेंगलुरु जैसे शहर पानी की कमी को लेकर खबरों की सुर्खियों में है। इसलिए पीने योग्य पानी सभी को उपलब्ध करवाने और इसे संरक्षित करने कानून बनाया गया।संविधान के भाग (9) में तीहतरवें संशोधन के अनुच्छेद 243(छ) में आर्थिक विकास एवं समाजिक न्याय के लिए योजना बनाने की शक्ति पंचायत को दिया गया है।जो ग्यारहवीं अनुसूची में लिस्टेड है।11 नबंर पर पेयजल व्यवस्था का उल्लेख किया गया है।

महिलाओं के विरुद्ध भेदभाव उन्मूलन अधिनियम 1979 के अनुच्छेद 14(2)(एच) में महिलाओं के लिए पानी प्रावधानों का उल्लेख करता हैबाल अधिकार अधिनियम 1989 के अनुच्छेद 24(2)(सी) में स्वच्छ स्रोत से सुरक्षित पेयजल प्राप्त करना बच्चों का अधिकार है।

जल(प्रदूषण, नियंत्रण एवं रोकथाम) अधिनियम 1974 भारत में जल प्रदूषण रोकने हेतु महत्वपूर्ण कानून है।नदियों और धाराओं में अपशिष्टों के विसर्जन को रोकने हेतु दो प्रकार की नियामक विधियों की वयवस्था करता है।(1) केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (2)राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड। 2024 में इस कानून में संशोधन किया गया है। मूल अधिनियम में जल प्रदुषण के उल्लंघनों के लिए जुर्माने के साथ- साथ डेढ साल से 6 साल तक की जेल की सजा का भी प्रावधान था। जबकि नए विधेयक में अधिकांश उल्लंघनों के लिए कारावास के प्रावधान को हटाने का प्रस्ताव है और इसकी जगह 10,000 रुपये से 15 लाख तक जुर्माना लगाया गया है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 में भी जल गुणवत्ता सबंधि नियम शामिल है। मध्यप्रदेश पेयजल परिक्षण अधिनियम 1986 भी काफी महत्वपूर्ण है। ग्राम स्तर की जैव विविधता समिति को केन्द्रीय जैव विविधता अधिनियम 2002 की धारा(41) और मध्यप्रदेश जैव विविधता नियम 2004 के नियम (23) अनुसार अपने अधिकारिता क्षेत्र में पारिस्थितिकीय तंत्र को बनाये रखना है,जिसमें नदी संरक्षण सम्मलित है। वन अधिकार कानून 2006 की धारा (5)(ख)कहता है कि ₹ यह सुनिश्चित करना कि लगा हुआ जलागम क्षेत्र,जल स्रोत और अन्य पारिस्थितिकीय संवदेनशील क्षेत्र पर्याप्त रूप से संरक्षित हैं।₹ मध्यप्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) पेसा नियम -2022 की कंडिका 12(1)(ख) में भी उल्लेख किया गया है कि ₹ग्राम के क्षेत्र के भीतर स्थित प्राकृतिक संसाधनों को, जिसके अंतर्गत भूमि, जल तथा वन सम्मिलित हैं, उसकी परम्परा के अनुसार और संविधान के उपबंधों के अनुरूप और तत्समय प्रवृत अन्य सुसंगत विधियों का सम्यक ध्यान रखते हुए, प्रबंधित करना₹ जैसे मजबूत प्रावधान भी हैं। परन्तु सभी कानूनी प्रावधानों के बाबजूद जल स्रोत की दशा इस रिपोर्ट से उजागर हो जाता है।पर्यावरण दिवस के मौके पर जारी स्टेट ऑफ एनवायरमेंट(एसओई) रिपोर्ट 2023 के मुताबिक, देश की कुल 603 नदियों में से 279 यानी 46 फीसद नदियाँ प्रदूषित हैं। राज्यों में महाराष्ट्र में सर्वाधिक 55 नदियाँ तथा मध्यप्रदेश में 19 नदियाँ प्रदूषित हैं। वहीं बिहार और केरल में 18-18 नदियाँ प्रदूषित हैं।मध्य प्रदेश जल संसाधनों से समृद्ध है। तीन नदियां अर्थात नर्मदा, तापी ,माही और गंगा बेसिन की प्रमुख सहायक नदियों जैसे चंबल, सिंध, बेतवा ,केन और सोन का मूल स्थान मध्यप्रदेश है।नर्मदा बेसिन के उपरी हिस्सों में जंगल कटने के कारण जल संसाधन मंत्रालय की वाटर ईयर बुक 2014-15 के मुताबिक नर्मदा घाटी के जिलों में 1901-1950 के दौरान औसत वार्षिक वर्षा की तुलना 2006 - 2010 के बीच करने पर पता चलता है कि नर्मदा के उद्गम वाले जिले अनूपपुर में औसत वार्षिक वर्षा 1397 मिलीमीटर से घटकर 916 मिलीमीटर रह गई है।अपर नर्मदा के मंडला जिले में भी औसत वार्षिक वर्षा 1557 मिलीमीटर से घटकर 1253 मिलीमीटर रह गई है।केन्द्रीय जल आयोग द्वारा गरूडेश्वर स्टेशन में जुटाए गए वार्षिक जल आंकडे अनुसार 2004- 2005 और 2014- 2015 की तुलना में 37 प्रतिशत प्रवाह में कमी आया है। मध्यप्रदेश की ग्रामीण अबादी हैंडपंप पर निर्भर है।अप्रेल 2023 के आंकड़े अनुसार प्रदेश में पांच लाख 64 हजार 290 हैंडपंप थे। जिसमें में से 14 हजार 191 हैंडपंप पानी नहीं दे रहा था। पेयजल के स्रोतों में कमी के निम्न कारण है जैसे प्रति व्यक्ति पानी की खपत में बढोत्तरी,भूजल में गिरावट, प्राकृतिक स्रोतों का जल प्रदुषित होना, परम्परागत जल स्रोतों में कमी आना अंधाधुंध पेडो की कटाई, मृदा अपरदन आदि प्रमुख है।ऐसे में सरकार और समाज को मिलकर जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास करने होंगे। जैसे जल स्रोतों को चिन्हित करना और उसके संरक्षण, प्रबंधन के लिये ग्राम सभा में चर्चा कर इसकी जिम्मेदारी गांव समिति को देना। गांव की नदी, नाले के पास शौच रोकने तथा उसके दुष्परिणाम पर ग्राम सभा में चर्चा और गांव स्तर की निगरानी समिति का गठन करना। गांव समुदाय के पारम्परिक जल संरक्षण, प्रबंधन और नियंत्रण के तरीके के लिए गांव स्तर की अध्ययन दल का गठन करना।पास के नदी नाले के पानी को बरसात बाद रोकने हेतु बोरी बंधान या अन्य उपाय करना।

**इनका कहना**

बर्षा जल को रोकने वाला गांव के आसपास जल संचय वयवस्था कायम करना। सूख चुकी सभी नदियों, जोहडो, झील, तलाबों और अन्य जल निकाय को पुनर्जीवित करना जल संकट का स्थाई निवारण हो सकता है।

**राज कुमार सिन्हा**

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ मतदान



विधानसभा क्षेत्र 115 सिवनी के मतदान केंद्र क्रमांक 185 भुरकल खापा के मतदान दल के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित मतदान कराकर लौटने पर सामग्री वितरण वापसी स्थल पर पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल शुक्रवार को 1081052 मतदाता लोकतंत्र की सशक्त बनाने मतदान में हिस्सा लेने उतरे।

केन्द्रों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं के साथ-साथ गर्मियों को ध्यान में रखते हुए पंडाल तथा बैठक व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल एवं सुनिश्चित की गई थी। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर की उपलब्धता के साथ-साथ वालेंटियर की नियुक्ति भी की गई थी। सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न करवाने के लिए 6253 मतदान कर्मियों के साथ-साथ 4803 सुरक्षा कर्मी, 153 सेक्टर अधिकारी तथा 20 जोनल अधिकारी नियुक्त किए गए थे। इसी तरह जिले के 75 प्रतिशत (1058) मतदान केन्द्रों में वैबकॉस्टिंग से निगरानी रखी गई। ईव्हीएम परिवहन में संलग्न की गई 616 गाड़ियों में जीपीएस लगाकर परिवहन व्यवस्था की सतत निगरानी रखी गई। इस संपूर्ण प्रक्रिया में 24 घंटे अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति रही।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा अनुमोदित दर अनुसार जिले में निर्वाचन कार्यों में नियोजित किए गए कुल 6358 मतदान दल, रिजर्व, माईक्रो आब्जर्वर के कर्मियों को मानदेय भुगतान करने के लिए कुल 69 लाख 62 हजार रूपये के भुगतान के आदेश जारी कर दिए गए हैं। संलग्न संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आयोग द्वारा अनुमोदित दर अनुसार मानदेय का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाएगा।

जिले के चारो विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं ने उत्साह एवं उमंग के साथ किया मतदान लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में शुक्रवार 19 अप्रैल को सिवनी जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण रूप से मतदान संपन्न हुआ। महिला-पुरूष, युवा, बुजुर्ग सहित दिव्यांग मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। प्रातः 07 बजे से ही जिले के सभी 1407 मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा सभी के द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग कर अन्य व्यक्तियों को भी प्रेरित किया।

लोकतंत्र के महापर्व में बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बड़ी संख्या में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया तथा जिले के अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। इसी क्रम में नवमतदाताओं में भी पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करने का अपूर्व उत्साह दिखाई दिया। नवमतदाताओं द्वारा अपने मतदान करने के उपरांत सेल्फी बूथ में सेल्फी लेकर अन्य युवाओं को भी प्रेरणा देने का कार्य किया गया। इसी क्रम में बड़ी संख्या में महिला शक्ति एवं पुरूष मतदाता भी अपने अन्य कार्यों को छोड़कर सर्वप्रथम वोट डालने अपने मतदान केन्द्र पहुंचे।

### शासन को लग रहा प्रतिवर्ष लाखों का चूना : मामला दक्षिण वनमंडल बालाघाट सामान्य का

# बिना टेक्सी परमिट वाहन लगाकर उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**मध्यप्रदेश शासन द्वारा अधिकारियों को शासकीय कार्य निपटाने के लिए उपलब्ध कराये गये वाहनों में टेक्स बचाने के लिए टेक्सी परमिट वाहन न लगाकर अधिकारियों द्वारा शासन को चूना लगाया जा रहा हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया हैं जहां वन विभाग के एस.डी.ओ. से लेकर रेंजरों द्वारा लगायें गये वाहनों टेक्सी परमिट की पीली पट्टी नहीं दिखाई दे रही हैं। जिससे यह स्पष्ट हैं कि ये सभी वाहन टेक्सी परमिट नहीं हैं।**













मिली जानकारी अनुसार दक्षिण वनमंडल सामान्य में स्थित कटंगी उपवनमंडल सामान्य में किराये पर लगाई गई स्कार्पियो वाहन क्रमांक MP50BC1590 में तथा कटंगी वन परिक्षेत्र अधिकारी के वाहन बुलेरों क्रमांक MP50CA0723 एवं लालबर्रा परिक्षेत्र अधिकारी की वाहन बुलेरो क्रमांक MP50ZC5464, खैरलांजी परिक्षेत्र अधिकारी के वाहन स्कार्पियों क्रमांक MP50T0948 हैं, इन सभी किरायें पर लिये गये। सभी वाहनों में टेक्सी परमिट की पीली पट्टी नहीं लगी हैं। जबकि शासन के नियमानुसार जो की वाहन किराये पर अधिकारियों द्वारा लिये जावेगे, उनमें टेक्सी परमिट होना चाहिए तथा निशान के तौर पर वाहन क्रमांक पट्टी में पीली पट्टी लगी होना आवश्यक हैं। इन सभी वाहनों में टेक्सी परमिट नहीं होने से शासन को प्रतिवर्ष वाहन मालिक द्वारा हजारों रूपयें का चूना लगाया जा रहा हैं। वहीं इन अधिकारियों को टेक्सी परमिट वाहन किराये पर न लगाकर शासन द्वारा बनाये गये नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

विभागीय उच्चाधिकारियों से अपेक्षा की इन बिना टेक्सी परमिट वाहनों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग की गई हैं।

## ईवीएम मशीन का स्टेटस लगाने और सोशल मीडिया पर ईवीएम मशीन का वीडियो वायरल करने पर दो प्रकरणों में धारा-188 व 128 में प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

19 अप्रैल को मतदान दिवस पर मतदान केंद्रों में लगाई गयी ईवीएम मशीन के फोटो और वीडियों को अन्य ग्रुप और स्टेटस पर लगाने के मामले में दो प्रकरण दर्ज किये गए है। इस पुरे मामले में एआरओ श्री गोपाल सोनी ने बताया कि मतदान केंद्रो में मोबाईल ले जाना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद मोबाईल ले जाकर ईवीएम मशीन पर बटन दबाते हुये फोटो लेना और वीडियो बनाकर वायरल करने से मतदाता की मतदान गोपनीयता भंग करने के मामले में कोतवाली में दो प्रकरण दर्ज किये गए है। दोनो प्रकरण भारतीय दंड संहिता की धारा-188 और लोक प्रतिनिधित्वल अधिनियम 1950, 1951 और 1989 के तहत दर्ज हुये है। एक गर्रा स्थित मतदान क्रमांक 165 शा.प्रा.शाला भवन अतिरिक्त कक्ष गर्रा का और दूसरा बालाघाट के मतदान केंद्र क्रमांक 242 शा.नेहरू.शाला नवीन कक्ष के मतदान केंद्रो के है। गर्रा के मतदान केंद्र में मोनू भगत निवासी गर्रा द्वारा ईवीएम मशीन का फोटो लेकर अपने मोबाईल नंबर 8319528107 पर संचालित व्हाट्सअप स्टेटस के माध्यम से सोशल मीडिया में वायरल किया गया। जिससे मतदाता की गोपनीयता भंग हुई है। इसके अलावा मतदान केंद्र क्रमांक-242 में शहबाज अहमद आईएनसी के द्वारा मतदान करते हुये वीडियो बनाकर व्हाट्सअप ग्रुप लोकसभा चुनाव न्यूज पर वायरल किया गया। इन दोनो ही मामलों में संबंधित मतदान केंद्रो के पीठासीन अधिकारियों ने कोतवाली में प्रकरण दर्ज करने के लिये आवेदनमय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया गया। मतदान केंद्र क्रमांक-165 के पीठासीन अधिकारी श्री बलिराम बागड़े और मतदान केंद्र क्रमांक-242 के पीठासीन अधिकारी अमित डाहट द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गए है। इन दोनो ही प्रकरणों में भारतीय संहिता भारतीय दंड संहिता की धारा-188 और लोक प्रतिनिधित्वप अधिनियम 1950, 1951 और 1989 के में प्रकरण दर्ज किये गए है।

## दलों का स्वागत फुल मालाओं और मुंह मिठा कराकर किया गया, सुबह 4:30 बजे बंद हुए स्ट्रांग रूम

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले की 6 विधानसभाओं में मतदान पूर्णतः शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। शुक्रवार शाम करीब 8 बजे पहला दल मतदान समाप्ति के पश्चात सामग्री वितरण व स्ट्रांग रूम स्थल पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पहुंचा। यहां दलों का स्वागत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने फुल मालाओं के साथ ही केले बिस्किट और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। जिले की 1675 मतदान केंद्रो के मतदान दल 439 रूटों से होकर रात 12 बजे तक पॉलीटेक्निक स्थल पर पहुंचते रहे। मतदान दलों के पहुंचते से ही मतदान सामग्री प्राप्त करने वाले दलों ने सामग्री का मिलान और जानकारियॉ प्राप्त करते रहें। जिले की 6 विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम करीब 4:30 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा, प्रेक्षक शुभकरण सिंह संबंधित विधानसभाओं के एआरओ और राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील किये गए।

## अन्य जिलो से आने वाले पोस्टल बैलेट जमा किये गए

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत पोस्टल बैलेट आने और भेजने का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी ने बताया कि अन्य जिलो से प्राप्त हुये पोस्टल बैलेट जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और राजनितिक दलों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में रखे गये। इसी तरह बालाघाट से अन्य जिलों के पोस्टल बैलेट भी भेजे गये।

### पूर्व दिवस पर निकली अहिंसा बाइक रैली

## आज भगवान महावीर जन्मोत्सव :निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विश्व वंदनीय भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याण महोत्सव पर रविवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी। विश्व वंदनीय शासन नायक अहिंसा के अग्रदूत तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का इस वर्ष 2623 जन्मोत्सव के निमित्त विविध कार्यक्रमों का आयोजन भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति द्वारा 12 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित किए गए।



भगवान महावीर जन्मोत्सव के पूर्व दिवस शनिवार को दोपहर 4.30 बजे हॉटल गुलमोहर इनसे जिले के सकल जैन समाज को आमंत्रित करने तथा भगवान महावीर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के भाव से बाइक रैली निकाली गई। वहीं रात्रि में राष्ट्रसंत आचार्य गुरूवर आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के जीवन यात्रा पर आधारित नाटक की प्रस्तुति सकल जैन समाज ने दी, जिसे लिखा और निर्देशित किया है अशोक सागर मिश्र ने।

रविवार को 21 अप्रैल को पार्श्वनाथ भवन से भगवान महावीर के 2623 वे जन्म कल्याण महोत्सव पर प्रातः 09 बजे पार्श्वनाथ भवन से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर दादाबाड़ी पहुंचेगी। जहां इसका समापन होगा। वहीं शाम 6 बजे से कृषि उपज मंडी के सामने ईतवारी गंज में भक्ति भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें रायपुर के भजन गायक अंकिल लोढ़ा, भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### सम्राट अशोक सिंह सरस्वार ने सफलतम निर्वाचन के लिए जताया आभार



**बालाघाट।** बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र के आप समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयो का हृदय की गहराइयों से नमन और धन्यवाद जिन्होंने मेरे चुनाव प्रचार में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दिन-रात कड़ी मेहनत की साथ ही समस्त मतदाताओं का भी आभार जिन्होंने अपना कर्तव्य समझते हुए मेरे पक्ष में मतदान किया। इसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा और आशा करता हूं कि भविष्य में आप श्री का साथ एवं सहयोग मुझे हमेशा मिलता रहेगा।

### बच्चों की सायकिल रैली और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**बालाघाट।** भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्री पार्श्वनाथ जैन महिला मंडल के नेतृत्व में जैन समाज के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जियो और जीने दो तथा अहिंसा परमोधर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के भाव से समाज के 06 से 15 वर्षो के बच्चों के बीच अहिंसा सायकिल रैली और स्लोगन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अहिंसा द्वार से प्रारंभ अहिंसा सायकिल रैली में बड़ी संख्या में सामाजिक बच्चों ने सहभागिता की।

## मतदाताओं के जागरूकता का परिचय तारिफे-काबिलः जैनेन्द्र कटरे



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शुक्रवार को लोकसभा क्षेत्र बालाघाट -सिवनी के प्रथम चरण के चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न होने पर भाजयुमो नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने सबका तहेदिल से आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने जागरूकता का परिचय देते हुए लोकतंत्र के इस महान यज्ञ में जो उत्साह प्रदर्शित किया है, वह लोकसभा क्षेत्र का गौरव बढाता है। नगर अध्यक्ष जैनेन्द्र कटरे ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में 72 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूती दी है। बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में प्रशासन, निर्वाचन आयोग की टीम व आम मतदाताओं ने अहम भूमिका निर्वाहन की है। जिसके लिए इनकी जनता-जनार्दन, भाजपा कार्यकर्ताओं, भाजपा संगठन, शीर्ष नेतृत्व, मोदी का परिवार और भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी का प्रयास तारिफे-काबिल है।

### रेलवे ब्रिज से कूदकर लड़की ने दी जान



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** । बीते कल शनिवार को लगभग 4:00 बजे बालाघाट की ओर से आ रही एक लड़की ने रेलवे ब्रिज से गर्रा वैनगंगा नदी पर कूदकर जान दे दी है। घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए जिला चिकित्सालय में शव को रखवा दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृत्यु लड़की का नाम पता ज्ञात नहीं हो पाया है।

**खबर संक्षेप**

### श्री विचक्षण जैन हॉस्पिटल चेरिटेबल ट्रस्ट प्रबंध कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित, सिद्धकरण कांकरिया अध्यक्ष तो सचिव बने महेन्द्र सूराना



**बालाघाट।** श्री विचक्षण जैन हॉस्पिटल चेरिटेबल की तीन वर्षीय प्रबंध कार्यकारिणी के लिए 20 अप्रैल को निर्विरोध निर्वाचन कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गठित प्रबंध कार्यकारिणी में अध्यक्ष सिद्धकरण कांकरिया, उपाध्यक्ष अभय सेठिया, सचिव महेन्द्र सुराना, कोषाध्यक्ष कमलेश चौरड़िया, सहसचिव अशोक बाघरेचा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य में मोतीलाल कोचर, राजेश बोथरा, नरेश लोढ़ा, क्रांति कोचर और खुशाल माहेश्वरी को शामिल किया गया है। तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए निर्वाचित प्रबंध कार्यकारिणी का कार्यकाल 19 अप्रैल 2027 तक होगा। जिसके बाद सभी ने एकदूसरे को बधाई देकर श्री विचक्षण जैन हॉस्पिटल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मानव सेवार्थ किए जाने वाले कार्यो को अनवरत रूप से जारी रखने का संकल्प लिया।

### हनुमान जयंती पर वीर बजरंगी का स्वरूप धारण करेंगे आकाश रंगलानी

**बालाघाट।** हर साल की तरह इस साल भी 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर वीर बजरंगी का स्वरूप निकाला जाएगा। श्री हनुमान सेवादल समिति द्वारा कोविड के दो साल छोड़कर पिछले 6 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के इस सातवें वर्ष में हनुमान भक्त आकाश रंगलानी वीर बजरंगी का स्वरूप धारण करेंगे। इसके लिए उन्होंने 40 दिनों की तपस्या का संकल्प ब्रह्मचर्य व्रत का पालन, सुबह'शाम विशेष तरह का व्यायाम, सात्विक भोजन और हनुमान भक्ति का पालन भी प्रारंभ कर दिया है।

## आयोग के निर्धारित मापदंडों पर निर्वाचन प्रेक्षक ने की संवीक्षा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन में 19 अप्रैल जिले के 1675 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के पश्चात निर्वाचन प्रेक्षक द्वारा वोटिंग की संवीक्षा की जाती है। शनिवार को निर्वाचन प्रेक्षक श्री शुभकरण सिंह ने स्थानीय पॉलीटेकनिक महाविद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की मौजूदगी में संवीक्षा की।



कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों से कहा कि संवीक्षा के कुछ निर्धारित बिंदु है। उन बिंदुओं पर आवश्यक रूप से पीठासीन अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारियों को परखा जाता है। कलेक्टर व डीईओ डॉ. मिश्रा ने निर्वाचन आयोग के मापदंडों के बारे में बताया कि ऐसे मतदान केंद्र जहां वीवीपेट, बीयू या सीयू बदली गई है। उन सभी मतदान केंद्रों का डेटा जांचा जाता है।इसके अलावा वो केंद्र जहां एक या कोई भी अभिकर्ता मौजूद नही था। वहीं 25 प्रतिशत से अधिक वैकल्पिक दस्तावेज से वोटिंग की गई। अपसेन्ट, शिफ्टेड, डेथ सूची से 10 प्रतिशत से अधिक वोटिंग हुई हो। ऐसे केंद्र जहां 5 से अधिक सहायक के द्वारा दिव्यांग ( नेत्र) मतदान कराया गया। प्रेक्षक श्री सिंह के समक्ष समस्त एआरओ द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर जानकारी प्रस्तुत की गई।

## लोकसभा चुनावः जनता जनार्दन और भाजपा कार्यकर्ताओं का अतुलनीय योगदानः कावरे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोकसभा चुनाव में उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर मतदान करने वाले बालाघाट -सिवनी लोकसभा के सभी जागरुक मतदाताओं का आत्मीय आभार भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर 'नानो' कावरे ने जताया। इस राष्ट्र निर्माण की पहल की जितनी भी तारीफ की जाए उतनी ही कम होगी। अभूतपूर्व मतदान से देश में जिले का गर्व और गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा, लोकतंत्र के महापर्व में अथक परिश्रम कर सहभागी बने



आमजन मानस, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य कर्मी, सफाई कर्मी, मीडिया साथी, मतदान अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक संगठन, स्वयं सेवी संस्था, एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ, समूचे मोदी परिवार ने अतुलनीय योगदान दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष कावरे ने कहा, मुझे विश्वास है कि आप सभी के समर्पण भाव और अथक परिश्रम के बल पर बालाघाट सिवनी लोकसभा में भाजपा का कमल जरूर खिलेगा। फिर एक बार देश में मोदी सरकार बनेगी। वहीं श्री कावरे ने कहा, बीते एक माह में चुनाव-प्रचार प्रसार के दौरान भाजपा संगठन, लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी को दिए प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहयोग और मार्गदर्शन अविस्मरणीय रहेगा।

## बड़पानी में ग्रास फायर, 3 मवेशी झुलसे : सूचना मिलने पर पशुओं का उपचार कराने पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



शनिवार को तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की महकेपार पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़पानी में अज्ञात कारणों से पशुओं के बांधने वाले कोठे यानी की पशुशाला में अचानक से आग भड़क गई. इस आगजनी में कोठे में मौजूद तीन मवेशी एक भैंस और दो जर्सी गाय बुरी तरह से झुलस गई. प्राप्त जानकारी अनुसार बड़पानी निवासी दिलीप गौतम के घर के पशुशाला में शनिवार को अचानक से आग लग गई. पशुशाला में पशुचारा पैरा होने के कारण आग इतनी तेजी से भड़की की इस पर काबू तक नहीं पाया जा सका और आग ने कोठे के भीतर बंधे मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया. बड़पानी सरपंच दीपक गभने ने बताया कि आगजनी की सूचना मिलने पर महकेपार पुलिस और हल्का पटवारी को दूरभाष पर सूचना दी गई. वहीं पशु चिकित्सा विभाग को पशुओं के आग से झुलसने की जानकारी दी. जिसके बाद करीब साढ़े 04 बजे पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची. जिसने आगजनी से घायल पशुओं को उपचार किया है. आगजनी की यह घटना कैसे हुई इस बारे में कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है. सरपंच के मुताबिक जिस पशुशाला में आगजनी की यह घटना हुई है वहां बिजली के तार भी नहीं है. ऐसे में शार्ट सर्किट होने की कोई गुंजाइश नहीं रहती. जिस वजह से आगजनी की यह घटना गुत्थी बनी हुई है. फिलहाल पशु मालिक ने पुलिस को सूचना देकर जांच करने और प्रशासन से पशुओं के उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है. वहीं गांव में किसी आवारा तत्व के द्वारा आग लगाए जाने की चर्चा है. इस मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## विश्व विरासत दिवस पर दिया धरोहरों के संरक्षण का संदेश, हट्टा बावली में किया श्रमदान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पुरातत्व और पर्यटन की असीम संभावाओं को समेटे जिले में ऐसे कई टूरिज्म स्पॉट और धरोहरें हैं, जिनका संरक्षण और प्रचार प्रसार नहीं हो पाने के कारण वे सबके के सामने नहीं आ पाई है. इन्हें सामने लाने प्रयास किए जाए तो जिला पुरातत्व और पर्यटन के क्षेत्र का हब बन सकता है. कुछ इसी तरह के विचार 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस पर व्यक्त किए गए. जिले की प्रसिद्ध हट्टा की बावली में गुरुवार को जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) और जन अभियान परिषद ने पंचायत के सहयोग से बावली में धरोहर दिवस मनाया. धरोहरों के संरक्षण क संदेश देने यहां करीब डेढ़ से दो घंटे सफाई अभियान चलाकर श्रमदान भी किया गया. इस श्रमदान में यहां पहुंचे पर्यटक भी सहभागी बने. श्रमदान की शुरुआत बावली के पानी में फेंकी गई पानी की बॉटल, नमकीन के पाउच सहित अन्य कचरें को निकालने से शुरू की. इसके बाद बावली के अंदर और बाहर परिसर में ऊगी झाडियों और घास की सफाई भी की गई. कुछ घंटे के श्रमदान के बाद ही बावली का स्वरूप बदला नजर आया. बड़ी मात्रा में संग्रहित कचरे और प्लास्टिक को पंचायत के सफाई वाहन से बाहर करवाया गया।



कार्यक्रम के दौरान संगोष्ठी में युवा मोटीवेटर अजय ठाकुर ने जिले की धरोहरों के संरक्षण की बात कही, वहीं टूरिज्म प्रबंधक एमके यादव ने हमारी धरोहरों को सहेजने सामूहिक प्रयास किए जाने की बात कही. उमेश सोनेकर, शीला पटले, ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी और कचरे न हो यह पंचायत, प्रशासन की नहीं बल्कि सभी नैतिक जिम्मेदारी है. हमारी धरोहरों को सहेजने हमें ही आगे आना होगा, तभी इनका सही रूप से संरक्षण हो पाएगा. जन अभियान के सेक्टर प्रभारी विजय सूर्यवंशी सभी पर्यटन एवं पुरातत्व प्रेमियों से इस तरह के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया. कार्यक्रम के अंत संकल्प मप्र टूरिज्म बोर्ड के महिला सुरक्षित पर्यटन और मतदाता जागरुकता की शपथ दिलवाई गई. सभी ने निर्भिक होकर निष्पक्ष मतदान करने और हमारी धरोहरों को सहेजने एवं श्रमदान जैसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेने का संकल्प लिया. संपूर्ण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डीएटीसीसी से एमके यादव, युवा मोटीवेटर अजय सिंह वैस, जन अभियान परिषद से विजय सूर्यवंशी परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी के छात्र, शीला पटले, रीना शरणागत, ज्योति राणा, विनय चौधरी, पुष्पा, लक्ष्मीचंद चौधरी, आरती साठे, पुष्पेश्वर पिछोड़े, पन्नालाल सोनी, उमेश सोनकर सहित पंचायत कर्मचारी और पर्यटकों का सहयोग रहा।